Madhya Pradesh Board

QUESTION PAPER



aglasem.com

Roll No. 2256610037270

1102

कक्षा 11वीं अर्द्ध वार्षिक परीक्षा, 2024-25

[051]

HINDI

हिन्दी

[Total No. of Questions: 23] [Total No. of Printed Pages: 08]

[Time: 03 Hours] [Maximum Marks: 80]

निर्देश :–

(1) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(2) प्रत्येक प्रश्न के लिये आवंटित अंक उसके सम्मुख अंकित हैं।

(3) प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक 32 वस्तुनिष्ठ प्रश्न है। प्रत्येक उपप्रश्न पर 1 अंक निर्धारित है।

(4) प्रश्न क्रमांक 6 से 15 तक कुल 10 प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 30 शब्द हैं।

(5) प्रश्न क्रमांक 16 से 19 तक कुल 4 प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 75 शब्द हैं।

(6) प्रश्न क्रमांक 20 से 23 तक कुल 4 प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 120 शब्द हैं।

(7) प्रश्न क्रमांक 6 से 23 तक सभी प्रश्नों के आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।

प्र.1 सही विकल्प का चयन कर लिखिए – (1×6=6)

(1) किस कवि को 'कविता का गांधी' कहा गया है?

(अ) सुमित्रानंदन पंत (ब) त्रिलोचन

(स) दुष्यंत कुमार (द) भवानी प्रसाद मिश्र

(2) 'नीर भरे नित प्रति रहें, तऊ न प्यास बुझाय' पंक्ति में अलंकार है –

(अ) वक्रोक्ति (ब) दृष्टांत

(स) विभावना (द) विशेषोक्ति

(3) अमृतराय किस प्रसिद्ध गद्य लेखक के पुत्र हैं?

(अ) बालकृष्ण भट्ट (ब) बालमुकुन्द गुप्त

(स) प्रेमचन्द (द) पं. प्रताप नारायण मिश्र

(4) निम्नलिखित में से विज्ञान संबंधी तकनीकी शब्द है –

(अ) नाभिक (ब) पर्यवेक्षक

(स) अनुबन्ध (द) तदर्थ

(5) सीधे–सीधे बरसात से मिलने वाला पानी कहलाता है –

(अ) रेजाणी पानी (ब) पालर पानी

(स) पाताल पानी (द) पहला पानी

(6) भारत में पहला छपने वाला अखबार था –

(अ) उदंत मार्तण्ड (ब) जनसत्ता

(स) बंगाल गजट (द) हिन्दुस्तान

प्र.2 रिक्त स्थानों की पूर्ति कर लिखिए – (1×6=6)

(1) काव्य में 'पचमेल खिचड़ी भाषा' .....के काव्य से मिलती है।

(कबीरदास जी की / मीरा बाई)

(2) .....काव्य के प्रमुख भेद महाकाव्य–खंडकाव्य हैं।

(प्रबंध काव्य / मुक्तक काव्य)

(3) प्रेमचंद की माता का नाम .....था।

(आनंदी देवी / शकुन्तला देवी)

(4) एक पंथ दो .....एक प्रसिद्ध मुहावरा है।

(साज / काज)

(5) कुमार गंधर्व ने .....पदों का गायन किया है।

(सूरदास जी के / कबीरदास जी के)

(6) भारत में 'ऑल इंडिया रेडियो' के स्थापना सन् .....में की गई थी।

(1936 / 1836)

प्र.3 निम्नलिखित कथनों के समक्ष सत्य या असत्य लिखिए – (1×6=6)

(1) 'सन्नाटा' सुमित्रानंदन पंत की कालजयी रचना नहीं है।

(2) ओज गुण प्रमुख रूप से शांत रस में मिलता है।

(3) 'आपका बंटी' मन्नू भंडारी का प्रसिद्ध नाटक है।

(4) शब्द शक्ति पाँच प्रकार की होती है।

(5) 'आलो अंधारी' मूल रूप से पंजाबी भाषा में लिखी गई है।

(6) 'डायरी' हमारी सबसे अच्छी मित्र है।

प्र.4 सही जोड़ियाँ बनाकर लिखिए – (1×7=7)

(अ)	(ब)
(1) मीरा बाई	(क) अनुपम मिश्र
(2) लहरतारा	(ख) छः प्रकार के
(3) रश्मि–रथी	(ग) जामुन का पेड़
(4) कृष्ण चंदर	(घ) कबीरदास
(5) शब्द युग्म होते हैं	(ङ) स्त्रोत या संचारक
(6) राजस्थान की रजत बूंदें	(च) रामधारी सिंह दिनकर
(7) संचार प्रक्रिया की शुरुआत	(छ) कृष्ण भक्ति

प्र.5 निम्नलिखित प्रश्नों के एक वाक्य में उत्तर लिखिए – (1×7=7)

(1) मीरा बाई अपने अंतिम दिनों में कहाँ चली गई थीं?

(2) वात्सल्य रस को दसवें रस के रूप में स्थापित करने वाले कवि का नाम है?

(3) प्रेमचन्द ने धनपत राय के नाम से कौनसा कहानी संग्रह लिखा?

(4) 'भारत मित्र' के संपादक का नाम लिखिए।

(5) तत्सम शब्द किसे कहते हैं?

(6) कुंई की खुदाई के लिए किस औजार का प्रयोग किया जाता है?

(7) बीट क्या है?

प्र.6 छायावाद के दो कवियों के नाम एवं उनकी एक–एक रचनाओं का नाम लिखिए। (2)

अथवा

प्रगतिवाद की दो विशेषताएँ लिखिए।

प्र.7 कबीरदास जी के अनुसार मानव शरीर का निर्माण किन पांच तत्वों से मिलकर बना है? (2)

अथवा

मीरा बाई जगत को देखकर क्यों रोती है?

प्र.8 छंद किसे कहते हैं, कितने प्रकार के होते हैं? नाम लिखिए। (2)

अथवा

वक्रोक्ति अलंकार को परिभाषित करके उदाहरण सहित समझाइए।

प्र.9 शांत रस किसे कहते हैं? उदाहरण दीजिए। (2)

अथवा

शब्द गुण कितने प्रकार के होते हैं? लिखिए।

प्र.10 'नमक का दरोगा' कहानी में कौनसा पात्र आपको सर्वाधिक प्रभावित करता है और क्यों? (2)

अथवा

धनराम, मोहन को अपना प्रतिद्वन्द्वी क्यों नहीं समझता था?

प्र.11 मियां नसरूद्दीन को नानबाइयों का मसीहा क्यों कहा गया है? (2)

अथवा

'पथेर–पांचाली' फिल्म की शूटिंग का काम ढाई साल तक क्यों चला?

प्र.12 क्षेत्रीय शब्द किसे कहते हैं? उदाहरण सहित लिखिए। (2)

अथवा

निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए –

(1) खून–पसीना एक करना (2) अंगूठा दिखाना

प्र.13 निम्नलिखित वाक्यों में निपात शब्द ढूंढकर लिखिए – (2)

(1) मोहन भी आज आ रहा है। (2) वह रातभर जागता रहा।

अथवा

शब्द शक्ति किसे कहते हैं? लक्षणा शब्द शक्ति को उदाहरण देकर समझाइये।

प्र.14 लता जी के गायन की दो विशेषताएँ लिखिए। (2)

अथवा

राजस्थान में कुंई किसे कहते हैं? कुंई तथा कुंओं की गइराई तथा व्यास में क्या अंतर होता है?

प्र.15 ब्रेकिंग न्यूज से क्या आशय है? लिखिए। (2)

अथवा

वॉच डॉग पत्रकारिता क्या है? लिखिए।

प्र.16 कबीरदास अथवा भवानी प्रसाद मिश्र का साहित्यिक परिचय, निम्न बिन्दुओं के आधार पर लिखिए – (3)

(I) दो रचनाएँ (II) भावपक्ष–कलापक्ष (III) साहित्य में स्थान

प्र.17 प्रेमचंद अथवा मन्नू भंडारी का साहित्यिक परिचय निम्न बिन्दुओं के आधार पर लिखिए – (3)

(I) दो रचनाएँ (II) भाषा–शैली (III) साहित्य में स्थान

प्र.18 क्रिकेट एक लोक प्रिय खेल है – दो मित्रों के मध्य संभावित संवाद लिखिए। (3)

अथवा

विज्ञापन क्या है? आधुनिक युग में इसका क्या महत्त्व है? नशा मुक्ति संबंधी एक विज्ञापन बनाकर लिखिए।

प्र.19 निम्नलिखित अपठित गद्यांश अथवा काव्यांश को पढ़कर नीचे लिखे गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए – (3)

मनुष्य के जीवन का जितना अंश नीति, शिक्षा आचार आदि सामाजिक संहिताओं के संपर्क में आता है उतना ही समाज द्वारा शासित माना जायेगा। समाज यदि मनुष्यों के समूह का नाम नहीं है तो मनुष्य भी केवल क्रियाओं का संघात नहीं है। दोनों के पीछे सामूहिक तथा व्यक्तिगत इच्छा, हर्ष, विषाद आदि की प्रेरणा रहती है। आचरण को सेना के समान कवायद सिखा देना ही जीवन नहीं है, वरन् कर्म को प्रेरित करने वाले मनोविकारों के उद्‌गम खोजकर उनमें विकास की अनुकूलता पा लेना ही जीवन का लक्ष्य है।

प्रश्न –

(I) उपर्युक्त गद्यांश का सटीक, सार्थक शीर्षक लिखिए।

(II) मनुष्य अपने जीवन में किसके संपर्क में आता है?

(III) जीवन का लक्ष्य क्या है?

अथवा

'लपक चाटते जूठे पत्ते,
जिस दिन देखा मैंने नर को।
उस दिन सोचा, क्यों न लगा दूं,
आग आज दुनियां भर को।
यह भी सोचा क्यों न टेंटुआ,
घोंटा जाए स्वयं जगपति का
जिसने अपने ही स्वरूप को
रूप दिया इस विषय विकृति का।'

प्रश्न –

(I) उपर्युक्त पदयांश का उचित शीर्षक दीजिए।

(II) कवि किसका गला घोंटना चाहता है?

(III) उपर्युक्त पदयांश का सार लिखिए।

प्र.20 निम्नलिखित गद्यांश की संदर्भ–प्रसंग सहित व्याख्या लिखिए –

दोपहर के खाने पर दबे हुए आदमी के चारों ओर बहुत भीड़ हो गई थी। लोग तरह–तरह की बातें कर रहे थे। कुछ मनचले क्लर्कों ने समस्या को खुद ही सुलझाना चाहा। वे हुकूमत फैसले का इंतजार किए बिना पेड़ को अपने आप हटा देने का निश्चय कर रहे थे कि सुपरिंटेंडेंट फाइल लिए भागा–भागा आया, बोला – "हम लोग खुद इस पेड़ को नहीं हटा सकते। हम लोग व्यापार विभाग से संबंधित हैं, और ये पेड़ की समस्या है, जो कृषि विभाग के अधीन हैं। मैं इस फाइल को अर्जेन्ट मार्क करके कृषि विभाग को भेज रहा हूँ – वहाँ से उत्तर आते ही इस पेड़ को हटवा दिया जायेगा।"

अथवा

त्रिलोक सिंह मास्टर का यह सामान्य नियम था। सजा पाने वाले को ही अपने लिए हथियार भी जुटाना होता था, और जाहिर है, बलि का बकरा अपने से अधिक मास्टर जी के संतोष को ध्यान में रखकर टहनी का चुनाव ऐसे करता जैसे वह अपने लिए नहीं बल्कि किसी दूसरे को दंडित करने के लिए हथियार का चुनाव कर रहा हो।

प्र.21 निम्नलिखित काव्यांश का संदर्भ–प्रसंग सहित भावार्थ लिखिए – (4)

मेरे तो गिरधर गोपाल, दूसरो न कोई।
जाके सिर मोर–मुकुट, मेरो पति सोई।
छांड़ि दयी कुल की कानी, कहा करिहै कोई?
संतन ढिग बैठि–बैठि, लोक लाज खोयी।
भगत देखि राजी भई, जगत देखि रोयी।
दासि मीरा लांल गिरधर, तारो अब मोही।

अथवा

चंपा काले–काले अक्षर नहीं चीन्हती
मैं जब पढ़ने लगता हूँ, वह आ जाती है।
खड़ी–खड़ी चुप चाप सुना करती है।
उसे बड़ा अचरज होता है।
इन काले चिन्हों से, कैसे सब स्वर
निकला करते हैं।

प्र.22 नगर की अनियमित विद्युत व्यवस्था हेतु अधिशासी अभियंता के लिए एक शिकायती–पत्र लिखिए। (4)

अथवा

अपने पिताजी को पत्र लिखिए जिसमें अध्ययन में आने वाली कठिनाइयों का उल्लेख किया गया हो।

प्र.23 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर संक्षिप्त–सारगर्भित निबंध लिखिए – (4)

(1) आतंकवाद की समस्या
(2) विद्यार्थी जीवन में अनुशासन
(3) साइबर क्राइम : रोकथाम के उपाय
(4) स्वच्छ भारत अभियान
(5) पर्यावरण प्रदूषण के कारण व निदान

QUESTION PAPERS

GET PREVIOUS YEAR QUESTION PAPERS FOR ALL CLASSES FOR CBSE, ISCSE, ISC AND ALL ALL STATE BOARDS HERE AT AGLASEM.COM

BOARD WISE

- Andhra Pradesh Board Question Papers
- Assam Board Question Papers
- Bihar Board Question Papers
- Chhattisgarh Board Question Papers
- Goa Board Question Papers
- Gujarat Board Question Papers
- Haryana Board Question Papers
- Himachal Pradesh Board Question Papers
- J&K State Board Question Papers
- Jharkhand Board Question Papers
- Karnataka Board Question Papers
- Kerala Board Question Papers
- Madhya Pradesh Board Question Papers
- Maharashtra State Board Question Papers
- Manipur Board Question Papers
- Meghalaya Board Question Papers
- Mizoram Board Question Papers
- Nagaland Board Question Papers
- Orissa Board Question Papers
- Punjab Board Question Papers
- Rajasthan Board Question Papers
- Tamil Nadu Board Question Papers
- Telangana State Board Question Papers
- Tripura Board Question Papers
- Uttarakhand Board Question Papers
- Uttar Pradesh (UP) Board Question Papers
- West Bengal (WB) Board Question Papers